F. No.1-58/2025/1- Exam/847466

कार्यालय/ **Office**

लाल बहादुर शास्त्री पराचिकित्सीय कौशल एवं प्रशिक्षण परिषद

**Lal Bahadur Shastri Paramedical Skill and Training Council**

संगणक विभाग/ **Comupter Department**

वेबसाइट / **www.lbspstc.com**

**********

चतुर्थ तल, प्राइम प्लाजा, इन्दिरा नगर

लखनऊ 226001

**4th Floor Prime Plaza, Indira Nagar,**

**Lucknow 226001**

दिनांक / **Dated: 26.12.2025**

सेवा में,

**प्रधानाचार्य/निदेशक**

**परिषद से संबद्ध समस्त**

**निजी क्षेत्र की संस्थाएं।**

**विषय : शैक्षणिक सत्र 2025–2026 के निर्धारित शैक्षणिक पंचांग के अनुरूप एलाइड हेल्थ केयर (पैरामेडिकल) पाठ्यक्रमों में मॉक, प्रायोगिक परीक्षा, मौखिक परीक्षा, प्रोजेक्ट कार्य एवं आंतरिक मूल्यांकन संचालित कराए जाने के संबंध में।**

**महोदय / महोदया,**

उपरोक्त विषयक अवगत कराना है कि **परिषद** द्वारा सत्र **2025–2026** हेतु अनुमोदित **परीक्षा उपविधियों, पाठ्यक्रम संरचना तथा निर्धारित शैक्षणिक पंचांग** के अनुसार परिषद से संबद्ध समस्त **एलाइड हेल्थ केयर (पैरामेडिकल) डिप्लोमा / प्रमाण-पत्र पाठ्यक्रमों** में— **मॉक परीक्षा, प्रायोगिक परीक्षा, मौखिक (Viva-Voce) परीक्षा, प्रोजेक्ट / फील्ड वर्क, आंतरिक मूल्यांकन** का आयोजन अनिवार्य रूप से किया जाना है। परिषद द्वारा अनुमोदित **शैक्षणिक पंचांग 2025–2026** के अनुसार, सत्र 2025–26 की **प्रायोगिक एवं मौखिक परीक्षाएँ दिनांक 05 जनवरी, 2026 से 15 जनवरी, 2026 तक** आयोजित की जाएंगी।

तथा 2025-26 के आगामी परीक्षा के लिए निम्नवत कार्यक्रम आयोजित होगा।

परिषद की ओर से सभी संस्थानों को अलग-2 सूची संलग्न कर छात्रों की संख्या अवगत कराई जाए

सचिव / Secretary
लाल बहादुर शास्त्री पराचिकित्सीय
कौशल एवं प्रशिक्षण परिषद
Lal Bahadur Shastri Paramedical
Skill and Training Council

(डॉ० सुनील कुमार)
कनिष्ठ सहायक
लाल बहादुर शास्त्री पराचिकित्सीय
कौशल एवं प्रशिक्षण परिषद
भारत

| परीक्षा कार्यक्रम विवरण | तिथि |
|---|---|
| **प्रायोगिक एवं मौखिक परीक्षाएँ** | **05 जनवरी, 2026 से 15 जनवरी, 2026 तक** |
| परीक्षा फॉर्म भरने एवं परीक्षा शुल्क करने की तिथि | 20 जनवरी, 2026 से 31 जनवरी, 2026 तक |
| रोल नम्बर आवंटन सहित नामावली ऑनलाइन जारी करने की तिथि | 5 फरवरी, 2026 से 10 फरवरी, 2026 तक |
| ऑनलाइन प्रवेश पत्र जारी करने की तिथि | 15 फरवरी, 2026 से 25 फरवरी, 2026 तक |
| सैद्धान्तिक परीक्षा (वार्षिक परीक्षा) | 1 मार्च, 2026 से 15 मार्च, 2026 तक |

**अतः निर्देशित किया जाता है कि :**

1. सभी संबद्ध संस्थान यह सुनिश्चित करें कि परिषद द्वारा निर्धारित पाठ्यक्रम, सिलेबस एवं मूल्यांकन मानकों के अनुरूप ही परीक्षाओं का संचालन किया जाए।

2. परीक्षा में केवल उन्हीं प्रशिक्षार्थियों को सम्मिलित किया जाए जिनका नाम परिषद के **ऑनलाइन पोर्टल पर पंजीकृत एवं स्वीकृत (Approved Student List)** में उपलब्ध हो।

3. **आंतरिक मूल्यांकन (Internal Assessment)** केवल एक बार आयोजित किया जाएगा, अतः सभी पात्र प्रशिक्षार्थियों के अंक निर्धारित समयावधि में परिषद के पोर्टल पर अपलोड करना सुनिश्चित करें।

4. आवश्यकता पड़ने पर परिषद द्वारा **बाह्य परीक्षक / पर्यवेक्षक** की नियुक्ति की जा सकती है, जिनके साथ संबंधित संस्थान द्वारा पूर्ण सहयोग प्रदान किया जाएगा।

5. परीक्षा उपरांत समस्त **प्रायोगिक उत्तर पुस्तिकाएँ, मूल्यांकन विवरण, अंकपत्र एवं प्रोजेक्ट अभिलेख** परिषद को निर्धारित माध्यम से समयबद्ध रूप से प्रेषित किए जाएं।

6. किसी भी प्रकार की अनियमितता, विलंब, नियम उल्लंघन अथवा अपात्र प्रशिक्षार्थियों को परीक्षा में सम्मिलित करने की स्थिति में परिषद द्वारा नियमानुसार कठोर कार्रवाई की जाएगी, जिसकी संपूर्ण जिम्मेदारी संबंधित संस्था की होगी।

यह भी निर्देशित किया जाता है कि **प्रायोगिक परीक्षा अनिवार्यतः परिषद द्वारा अनुमोदित सीसीटीवी युक्त कक्षों में ही संपन्न कराई जाएगी**, जिसकी **रिकॉर्डिंग संस्था स्तर पर सुरक्षित रखी जाएगी।** प्रायोगिक परीक्षा संपन्न होने के उपरांत **परीक्षा से संबंधित संपूर्ण रिकॉर्डिंग (वीडियो फुटेज)** परिषद द्वारा अधिकृत अधिकारी / पर्यवेक्षक के समक्ष आवश्यकतानुसार प्रस्तुत की जाएगी तथा परिषद

Sunil
(डॉ० सुनील कुमार)
कनिष्ठ सहायक
लाल बहादुर शास्त्री पराचिकित्सीय
कौशल एवं प्रशिक्षण परिषद
भारत

के निर्देशानुसार विधिवत संधारित की जाएगी। **अन्यथा की स्थिति में परिषद द्वारा संबंधित संस्था की प्रायोगिक परीक्षा अमान्य घोषित की जा सकती है।**

यदि किसी भी कारणवश कोई छात्र / छात्रा प्रायोगिक परीक्षा में सम्मिलित होने से वंचित रह जाता है और वह न्यायालय अथवा आयोग की शरण में जाता है, तो **इसका संपूर्ण उत्तरदायित्व संबंधित संस्था के प्रधानाचार्य / निदेशक का होगा।**

**प्रतिलिपि सूचना हेतु :**

1. **अध्यक्ष महोदय,** लाल बहादुर शास्त्री पैरामेडिकल स्किल एंड ट्रेनिंग काउंसिल, नई दिल्ली — सूचनार्थ।
2. **सचिव,** लाल बहादुर शास्त्री पैरामेडिकल स्किल एंड ट्रेनिंग काउंसिल — आवश्यक कार्यवाही हेतु।
3. **परीक्षा विभाग / शैक्षणिक प्रकोष्ठ** — अभिलेख एवं अनुपालन हेतु।
4. **आई.टी. प्रकोष्ठ** — परिषद की वेबसाइट / पोर्टल पर अपलोड हेतु।
5. **परिषद के समस्त क्षेत्रीय / जोनल कार्यालय** — सूचनार्थ एवं अनुश्रवण हेतु।
6. **कार्यालय अभिलेख।**

डॉ आकाश शर्मा
परीक्षा नियंत्रक
लाल बहादुर शास्त्री पराचिकित्सीय कौशल
एवं प्रशिक्षण परिषद

Sunil
(डॉ० सुनील कुमार)
कनिष्ठ सहायक
लाल बहादुर शास्त्री पराचिकित्सीय
कौशल एवं प्रशिक्षण परिषद
भारत

A. Saini
सचिव / Secretary
लाल बहादुर शास्त्री पराचिकित्सीय
कौशल एवं प्रशिक्षण परिषद
Lal Bahadur Shastri Paramedical
Skill and Training Council